**भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2290**
**दिनांक 20 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ**

**विषय:- कृषि स्टार्टअप पारिस्थितिकी**

**2290. श्रीमती हेमा मालिनी:**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) देश में कृषि स्टार्टअप पारिस्थितिकी के विकास के लिए हाल के वर्षों में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और इसके परिणाम क्या हैं;

(ख) क्या कृषि स्टार्टअप पारिस्थितिकी के समग्र दिशानिर्देशन के लिए एक उच्च स्तरीय संचालन समिति की स्थापना करने हेतु और कृषि स्टार्टअप की पहल को सफतापूर्वक आगे बढ़ाने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए 500 करोड़ रूपये के कार्यक्रम का प्रस्ताव किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क)**से**(ग):** वर्ष 2018-19 से यह मंत्रालय राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत नवाचार और कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका उद्देश्य कृषि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को तैयार करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करके नवाचार और कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम की कार्यान्वयन सहायता के लिए देश भर में पांच (5) ज्ञान भागीदार (केपी) और चौबीस (24) आरकेवीवाई एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेटर्स (आर-एबीआई) स्थापित किए गए हैं। केपी और आर-एबीआई की सूची **अनुबंध-I** पर संलग्न है।

नवाचार और कृषि-उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में कुल **1102** स्टार्ट-अप को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) वर्ष 2016-2017 में शुरू की गई राष्ट्रीय कृषि नवाचार निधि (एनएआईएफ) नामक परियोजना के तहत स्टार्टअप्स की सहायता कर रही है। इसके दो घटक हैं,अर्थात i) नवाचार फंड और ii) इन्क्यूबेशन फंड। आईसीएआर द्वारा स्थापित एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेटर्स (एबीआई) प्रौद्योगिकी और कौशल उन्नयन प्रदान करते हैं, जिससे व्यवहार्य उद्यमों और सतत स्टार्टअप व्यवसाय संचालन को बढ़ावा मिलता है। आईसीएआर द्वारा स्थापित 50 एबीआई की सूची **अनुबंध-II** पर संलग्न है। आईसीएआर ने अपने एबीआई के माध्यम से 50 संस्थानों में कुल 818 स्टार्टअप को सहायता प्रदान की है।

सरकार ने स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की है जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी जाती है। देश भर में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति बनाने और बढ़ावा देने के लिए अटल नवाचार मिशन (एआईएम) शुरू किया गया है। इसके अलावा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के नवाचारों के विकास और दोहन के लिए राष्ट्रीय पहल (एनआईडीएचआई) कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्ट-अप के विचारों को मूर्त रूप देना और उनके नवाचारों को बढ़ाना है।

इस मंत्रालय ने आरकेवीवाई के अंतर्गत नए कृषि-स्टार्टअप स्थापित करने और सफल स्टार्टअप की प्रगति में तेजी लाने के लिए पर्याप्त निधियां आबंटित की हैं। यह कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में अनुकूल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और कृषि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल पहल को बढ़ाने में मदद करता है।

**लो.स.अता.प्र.सं.2290**

**अनुबंध-I**

**I. ज्ञान भागीदार (केपी):**

(1) राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद
(2) राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (एनआईएएम) जयपुर,
(3) भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) पूसा, नई दिल्ली,
(4) कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़, कर्नाटक और
(5) असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट, असम

**II. आरकेवीवाई-** एग्रीबिजनेस **इन्क्यूबेटर्स (आर-एबीआई):**

(1) चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, हिसार, हरियाणा
(2) सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश
(3) आईआईटी-बीएचयू, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
(4) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश
(5) आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश
(6) पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब
(7) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़
(8) शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर
(9) आईआईएम, काशीपुर, उत्तराखंड
(10) केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर, केरल
(11) आईसीएआर-भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना
(12) तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू), कोयम्बटूर, तमिलनाडु
(13) कृषि नवाचार एवं उद्यमिता सेल, एएनजीआरएयू, आंध्र प्रदेश
(14) राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, ओडिशा
(15) एस के एन कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, राजस्थान
(16) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर, पश्चिम बंगाल

(17) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, भागलपुर, बिहार

(18) आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद, गुजरात

(19) आईसीएआर-केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र

(20) डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ, अकोला, महाराष्ट्र

(21) आईसीएआर-निवेदी, बेंगलुरु, कर्नाटक

(22) कॉलेज ऑफ फिशरीज, लेम्बुचेरा, त्रिपुरा

(23) पशु चिकित्सा विभाग, पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, मिजोरम

(24) बागवानी और वानिकी कॉलेज, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश।

**लो.स.अता.प्र.सं.2290**

**<u>अनुबंध-II</u>**

**आईसीएआर एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन(एबीआई) केंद्र की राज्य-वार सूची**

| क्र.सं. | राज्य | एबीआईसीएम(एनओएस) | आईसीएआर संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1 | डीसीआर |
| 2. | असम | 1 | एनआरसी ऑन पिग |
| 3. | बिहार | 1 | ईआर |
| 4. | गोवा | 1 | सीसीएआरआई |
| 5. | हरियाणा | 1 | एनडीआरआई |
| 6. | मेघालय | 1 | एनईएच |
| 7. | पश्चिम बंगाल | 1 | एनआईएनएफटी |
| 8. | गुजरात | 2 | i. डीएमएपीआर, आनंद;<br>ii. डीजीआर, जूनागढ़ |
| 9. | झारखंड | 2 | i. आईएनआरजी, रांची;<br>ii. आईआईएबी, रांची |
| 10. | कर्नाटक | 2 | i. आईआईएचआर, बैंगलोर;<br>ii. निवेदी, बैंगलोर |
| 11. | नई दिल्ली | 2 | i. आईएआरआई, नई दिल्ली;<br>ii. एनसीआईपीएम, नई दिल्ली |
| 12. | ओडिशा | 2 | i. सीफा, भुवनेश्वर;<br>ii. एनआरआरआई, कटक |
| 13. | पंजाब | 2 | i. सीफेट, लुधियाना;<br>ii. सीपीआरआई, शिमला (आरसी); |
| 14. | मध्य प्रदेश | 3 | i. सीआईएई, भोपाल;<br>ii. आईआईएसआर, इंदौर;<br>iii. आईजीएफआरआई, झांसी |
| 15. | राजस्थान | 3 | i. काजरी, जोधपुर;<br>ii. सीएसडब्ल्यूआरआई, अविकानगर,<br>iii. डीआरएमआर, भरतपुर; |
| 16. | तमिलनाडु | 3 | i. सीबा, चेन्नई;<br>ii. एसबीआई, कोयम्बटूर; और |

| क्र.सं. | राज्य | एबीआईसीएम(एनओएस) | आईसीएआर संस्थान |
|---|---|---|---|
| | | | iii. केला, त्रिची पर एनआरसी |
| 17. | केरल | 4 | i. सीआईएफटी, कोचीन;<br>ii. सीएमएफआरआई, कोचीन;<br>iii. सीपीसीआरआई, कासरगोड;<br>iv. आईआईएसआर, कालीकट |
| 18. | तेलंगाना | 5 | i. एनएएआरएम, हैदराबाद;<br>ii. मीट हैदराबाद पर एनआरसी;<br>iii. आईआईएमआर, हैदराबाद;<br>iv. आईआईओआर; हैदराबाद;<br>v. आईसीआरआईएसएटी; हैदराबाद |
| 19. | महाराष्ट्र | 6 | i. सीआईएफई, मुंबई;<br>ii. सीआईआरटीओ, मुंबई;<br>iii. सीसीआरआई, नागपुर;<br>iv. सीआईसीआर, नागपुर;<br>v. डीओजीआर, पुणे<br>vi. अंगूर पर एनआरसी |
| 20. | उत्तर प्रदेश | 7 | i. कारी, इज्जतनगर;<br>ii. आईवीआरआई, इज्जतनगर;<br>iii. आईआईवीआर, वाराणसी;<br>iv. आईआईएसआर, लखनऊ;<br>v. आईआईपीआर, कानपुर;<br>vi. सीआईएस, लखनऊ;<br>vii. आईआईएफएसआर, मोदीपुरम |
| | | **50** | |

*********